>

Title: Need to supply drinking water in Rewa Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री देवराज सिंह पटेल (रीवा): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा में पीने के पानी की बहुत बड़ी समस्या है। नल-जल योजनाएँ पहले से ठप पड़ी हैं और वर्तमान मध्य प्रदेश शासन मैकेनिक और राइजर पाइप उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। मैंने इन्हीं समस्याओं को लेकर माननीय प्रधान मंत्री जी को एक पत्र लिखकर 500 करोड़ रुपये का एक विशेष पैकेज मांगा था। माननीय प्रधान मंत्री जी ने यह मामला पेयजल व स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार को अग्रसारित कर दिया जिसमें मंत्रालय द्वारा म.प्र. सरकार से प्रस्ताव मांगा था। मध्य प्रदेश शासन द्वारा भेजा गया जवाब चौंकाने वाला और राजनैतिक द्वेषपूर्ण था। मध्य प्रदेश शासन ने कहा कि हम रीवा की जनता को भरपूर पानी दे रहे हैं, अतः विशेष पैकेज की रीवा में कोई आवश्यकता नहीं है।

महोदय, मध्य प्रदेश राज्य में बहुजन समाज पार्टी का मैं इकलौता सांसद हूँ। मध्य प्रदेश राज्य द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र को विकास की दृष्टि से लगातार अनदेखा किया जा रहा है और राज्य शासन नहीं चाहता कि रीवा संसदीय क्षेत्र के लोगों को पानी, बिजली या अन्य सुविधाएँ प्राप्त हों।

मेरा आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से निवेदन है कि रीवा संसदीय क्षेत्र में पानी से जुड़े एक विशेष जाँच दल को भेजा जाए और जिन अधिकारियों ने ये सारे गलत जवाब राजनैतिक कटुता से भेजे हैं, इन सभी के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए ताकि रीवा संसदीय क्षेत्र को शीघ्र पानी, बिजली आदि सुविधाएँ प्राप्त हो सकें।